हमारे लाड़लें दिक्षित ग्वाला
को आज जन्मदिवस पर

हार्दिक बधाई- शुभकामनाएं
--- शुभेच्छु ---
के.बी. बी. परिवार, मंदसौर



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 36 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 15 नवम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया



हमारी लाड़ली भूमिका मुजावदिया को आज जन्मदिवस पर

हार्दिक शुभकामनाएं
--- शुभेच्छु ---
कांताबाई-बंशीलाला (दादा-दादी), ममता- पवन मुजावदिया(मम्मी-पापा), अर्चना-राजेश गुप्ता (चाचा-चाची) एवं मुजावदिया परिवार रामटेकरी मंदसौर




# हरदीप और यशपाल के लिए फिर जिले में आए शिव

## बोले-पैसों के जुगाड़ में लगा हूं, बहनों की आमदनी तीन हजार करना है

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मैं आपका असली भाई लगता हूं कि नहीं। अभी बहनों को साढ़े बारह सौ रुपए दे रहे हैं। मैं यही नहीं रुकूंगा। पैसों की जुगाड़ में लगा हूं। आपकी आमदनी 3 हजार रुपए तक करना है। यह बात शिवराजसिंह चौहान ने जिले में सुवासरा व दलौदा में आयोजित सभा में महिलाओं से प्रश्न करते हुए कहीं। मंदसौर प्रत्याशी भाजपा यशपालसिंह सिसौदिया के समर्थन में दलौदा और सुवासरा भाजपा प्रत्याशी हरदीपसिंह डंग के समर्थन में सुवासरा में शिवराजसिंह चौहान ने सभा को संबोधित किया।

वे 30 मिनट देरी से 12 बजे दलौदा कृषि उपज मंडी स्थित सभा स्थल पहुंचे। मंच पर विधायक, सांसद सहित नेताओं ने उनका सामूहिक स्वागत किया। मंच पर सीएम करीब 27 मिनट रुके। 15 मिनट के अपने भाषण में उन्होंने राहुल और प्रियंका गांधी पर जमकर जुबानी हमले किए। कहा- दोनों भाई-बहन मनोरंजन करते हैं।

### हरदीप को ब्लैंक चेक दे रहा हूं...

सुवासरा में सीएम राइज स्कूल की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रायवेट स्कूलों से बेहतर पढ़ाई सीएम राइज स्कूलों में निशुल्क होगी। पहले 75 प्रश अंक लाने पर विद्यार्थियों को लेपटॉप दिया जा रहा था। अब साठ प्रतिशत अंक लाने पर लेपटॉप दिया जाएगा। इससे ज्यादा अंक लाने पर स्कूटी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सुवासरा में किए गए विकास कार्यो को गिनाने में बहुत समय लग जाएगा। विकास कार्यो की श्रृंखला को जारी रखा जाएगा। इसके लिए हरदीपसिंह डंग को ब्लैंक चेक दे रहा हूं।

### एनडीपीएस एक्ट में संशोधन करेंगे, गेहूं-धान का भाव तय करेंगे...

बीजेपी प्रत्याशी यशपाल सिंह सिसोदिया ने सीएम को डोडाचूरा कानून एनडीपीएस एक्ट के बारे में बताया। इस पर सीएम ने कहा- मध्यप्रदेश में एनडीपीएस एक्ट की धारा का पुन: निरीक्षण करवाउंगा। उन्होंने कहा कि मैं ये जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि एनडीपीएस की धारा 8/29 में संशोधन करवाउंगा। शिवराज ने कहा- गेंहू 2700 रुपए प्रति क्विंटल में खरीदेंगे। धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल में खरीदेंगे।

### मोदी-मामा की डबल इंजन सरकार, कांग्रेस डबल मनोरंजन कर रहीं...

सीएम ने प्रियंका और राहुल पर गांधी पर तंज कसा। कहा- यह मोदी और मामा की डबल इंजन सरकार है। जबकि, कांग्रेस डबल मनोरंजन कर रही हैं। दोनों भाई-बहन एमपी में आते हैं और डबल मनोरंजन कर चले जाते हैं। सीएम शिवराज ने प्रियंका वाड्रा पर कहा- उन्हें पता ही नहीं कि राम कितने वर्षों के लिए वनवास गए थे, जबकि यह बच्चे-बच्चे को पता है।

### विधायक सिसोदिया कर्मठ और जागरूक...

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने विधायक और भाजपा प्रत्याशी यशपालसिंह सिोदिया को मप्र विधानसभा का सबसे जागरूक और कर्मठ विधायक बताया और कहा कि मप्र विधानसभा के सबसे सजग, जागरूक और कर्मठ विधायक यशपालसिंह सिसोदिया है। प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाना है तो यशपालसिंह सिसोदिया को मंदसौर विधानसभा से जीताना है। इसलिए मतदाता भरपूर आर्शीवाद प्रदान करें। जनता ने जो मांगा वह भाजपा की सरकार ने दिया है। दलौदा को तहसील का दर्जा दिया, ग्राम पंचायत से नगर परिषद बनाई, दलौदा की उपमंडी को कृषि मंडी का दर्जा दिया, प्रगति चौराहे का चौडीकरण किया, रेलवे ओव्हरब्रिज स्वीकृत किया, पूज्य संत राजेन्द्र सुरीश्वरजी मार्ग का चौडीकरण किया, दलौदा की पुलिस चौकी को पुलिस थाना बनाया, दलोदा में महाविद्यालय प्रारंभ किया, हाई स्कूल को हायर सेकण्डरी बनाया, स्टेडियम निर्माण किया। अब जनता की बारी है, जनता भरपूर आर्शीवाद प्रदान करें।



# पड़वी पर गोवर्धन पूजा की धूम

## हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया पर्व, महिलाओं ने बनाए गोवर्धन पर्वत

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में मंगलवार को गोवर्धन पूज का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने भगवान कृष्ण और गोवर्धन पर्वत की पूजा अर्चना की।

महिलाओं ने घरों के बाहर और चौक चौराहो पर गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर विधि विधान और परंपरा अनुसार पूजा अर्चना की। आमतौर पर दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजन का पर्व मनाया जाता है। मगर इस बार सोमवती अमावस्या होने के चलते यह पर्व दीपावली के दो दिन बाद मनाया गया। गोबर से बनाए गए गोवर्धन पर्वत 11 दिन तक इसी तरह स्थापित रहेंगे। जिसके बाद देवउठनी एकादशी के दिन इसकी पूजा अर्चना कर इसे विसर्जित किया जाएगा। इसके साथ ही एकादशी से मांगलिक वैवाहिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे।

हिंदू मान्यताओं में गोवर्धन पूजा का बड़ा महत्व है। भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पूजन प्रारंभ किया था। भगवान इंद्र के तरफ से ज्यादा बारिश किए जाने पर बृजवासियों की रक्षा के लिए भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपने छोटी उंगली से उठाया था। इन्हीं सब पौराणिक मान्यताओं को ध्यान में रखते हुए यह पर्व बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है।

### गोवंशों का किया श्रृंगार...

गोवंशों को मेहंदी लगाकर सींगों को तरह तरह के रंग किए गए। बाद में बेड़े व अन्य सजावट सामग्री से सजाया गया। इसके अलावा संपन्न पशुपालकों ने गोवंश के पैरों में घुंघरू, गले में कंठी से भी श्रृंगार किया। सुबह गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा करने से पहले सभी गोवंश की पूजा की गई। उसके बाद ही उन्हें बाहर निकाला गया। सुबह गाय, बैलों व बछड़ों को सजाकर पूजा करने के बाद घर से बाहर निकालते समय थाली बजाकर अभिनंदन किया गया। इसके बाद गोवर्धन देव की पूजा की गई। इसमें पशुधन की समृद्धि व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई। गौ पालको के अनुसार पशुपालकों के लिए यही दीपावली का मुख्य पूजन होता है। पूजा के दौरान समाज के पुरुष, धोती-कुर्ता व साफा पहनते हैं। महिलाएं भी सज-धज कर पूजन करती हैं। गोवर्धन की पूजा में रखा गया दूध बच्चों को पिलाया जाता है, जिससे वह स्वस्थ रहते हैं।

# युवक ने लगाई फांसी, मौत

**नीमच, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के बघाना थाना क्षेत्र के गांव बिसलवास कला में उस समय सनसनी फैल गई। जब एक 25वर्षीय युवक ने अपने घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

युवक के आत्महत्या किए जाने की जानकारी मिलते ही मौके पर बघाना थाना पुलिस पहुंची और मृतक के शव को उतार कर पंचनामा बनाया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नीमच के बड़े अस्पताल भेजा गया। रात होने की वजह से मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम मंगलवार को किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक रवि उर्फ सुरेंद्र पिता लालू प्रसाद जाति दमामी उम्र 25 वर्ष निवासी बिसलवास कला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# अब मंदसौर हो रहा ठंडा

## रात का पारा गिरा, दिन का टेंप्रेचर भी लुढ़का

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सर्दी अब दहलीज पर आ चुकी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि उत्तरी हवा आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। क्योंकि, पश्चिमी विक्षोभ गुजर चुका है। इससे अगले 24 घंटे के दौरान सर्दी दस्तक दे सकती है। यानी रात का तापमान 12.8 डिग्री से घटकर 12 डिग्री या इससे नीचे आ सकता है।

दरअसल, न्यूनतम तापमान जब 12 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच जाता है, तभी सर्दी की दस्तक मानी जाती है। उत्तर भारत में अर्ली स्नोफॉल (बर्फबारी) होने से मंदसौर सहित प्रदेश में कई जगहों पर ठंडक घुल गई है। दिन और रात दोनों ही टेम्प्रेचर में गिरावट हुई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले एक सप्ताह मौसम ऐसा ही रहेगा। रात का




पारा 12 डिग्री तक आ सकता है। जबकि, दिन में टेम्प्रेचर 30-31 डिग्री के बीच बना रहेगा। इस दौरान बादल भी छा सकते हैं। हालांकि, बारिश होने का अनुमान नहीं है। मंगवार को पहली बार दिन का टेम्प्रेचर 30 डिग्री के नीचे रहा। बीती रात तापमान 12.8 डिग्री दर्ज किया गया है।

### कश्मीर और हिमाचल में बर्फबारी...

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तरी भारत में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टरबेंस आगे बढ़ गया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हल्की बर्फबारी हो रही है। इसका असर राजधानी के मौसम पर भी है। यहां दिन और रात दोनों ही तापमान में गिरावट हुई है। अगले चार से पांच दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा। 20 नवंबर के बाद पारे में और गिरावट होने लगेगी।

### नवंबर के दिन-रात दोनों में ठंडक...

नवंबर के 13 दिनों में पहली बार मंगलवार को दिन और रात दोनों में ठंडक रही। सोमवार को अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री दर्ज किया गया। एक दिन में 0.6 डिग्री की गिरावट देखने को मिली। वहीं, सोमवार-मंगलवार की रात में पारा 14.6 डिग्री दर्ज किया गया।

# हासे-हाईस्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा 6 दिसंबर से

## लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किए निर्देश

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** हायर सेकंडरी और हाईस्कूल की अर्धवार्षिक परीक्षा अगले महीने 6 दिसंबर से आयोजित होगी। इसको लेकर लोक शिक्षण सचालनालय ने आदेश जारी कर दिए है। इसमें 9वीं और 10वीं की परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक तथा 11वीं और 12वीं की परीक्षा दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित होगी। निर्देशानुसार अगर कोई सार्वजनिक या स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है, तब भी परीक्षा कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होगा। 9वीं 10वीं की प्रायोगिक परीक्षा 6 दिसंबर से 15 दिसंबर के बीच प्राचार्य सुविधानुसार आयोजित कर सकते हैं। वहीं 11वीं और 12वीं की परीक्षा 6 दिसंबर से 16 दिसंबर के बीच आयोजित करना होगी। परीक्षा प्रारंभ होने के 10 मिनीट के पहले विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका और पांच मिनीट पहले प्रश्न पत्र वितरित किए जाएंगे।

# विस चुनाव: आज शाम 6 बजे बाद सोशल मीडिया पर भी प्रचार बंद

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** आज 15 नवंबर की शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा। इसके बाद प्रत्याशी जनसंपर्क को छोड़ चुनाव प्रचार के लिए किसी दूसरे माध्यम का सहारा नहीं ले पाएंगे। अगर सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार के लिए किसी तरह की पोस्ट, वीडियो या किसी तरह का संदेश अपलोड किया या उसे फॉरवर्ड किया, तो उसका पता जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मानिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) लगाएगी। इसके लिए साइबर सेल की मदद ली जाएगी। इसका उल्लंघन करने वाले के खिलाफ आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया जाएगा। साथ ही इसका खर्च प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाएगा।

विधानसभा चुनाव 2023 के मतदान की घड़ी नजदीक आ गई है। आज 15 नवंबर को शाम 6 बजे से प्रत्याशियों का चुनावी शोरगुल थम जाएगा। शाम 6 बजे के बाद झंडा, बैनर व भीड़ के साथ सभा व रैली नहीं कर सकेंगे। इन अंतिम दिनों में प्रत्याशियों ने अपनी ताकत झोंक दी है। समर्थकों के साथ डोर टू डोर प्रचार के साथ-साथ नुक्कड़ सभाएं कर रहे हैं। इसके अलावा स्टार प्रचारकों को भी बुलाया है। दूसरी



पार्टियों को तोड़ कर अपनी पार्टी में शामिल करा रहे हैं। ताकि चुनावी माहौल बन सके। विस क्षेत्रों में लगातार भाजपा व कांग्रेस के दिग्गज नेता सभा के लिए भी आ रहे हैं। हालांकि दीपावली के दिन भी प्रत्याशियों ने प्रचार जारी रखा था। लेकिन, दीपावली पूजन के चलते शाम को जनसंपर्क के लिए नहीं निकले।

# कपड़ा दुकान में आग लगी, लाखों का नुकसान

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** अफजलपुर थाने के बड़वन फंटे पर एक कपड़े की दुकान में आग लग गई। जिससे लाखों का माल जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार हादसा बड़वन फंटे पर स्थित न्यू स्टाईल्स एंड क्लाथ सेंटर पर हुआ। बताया जाता है कि शार्ट सर्किट के कारण यहां आग लग गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। आग पर जब तक काबू पाया जाता। तब तक दुकान में रखा लाखो रूपए का माल जलकर राख हो गया था।

### अफजलपुर व दलौदा में फायर बिग्रेड ही नहीं...

अफजलपुर-दलौदा में फायर ब्रिगेड का इंतजाम नहीं होने की वजह से क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से इसकी मांग भी स्थानीय प्रशासन से की जा रही है। लेकिन, आज तक इस समस्या का समाधान नहीं होना कहीं ना कहीं बड़ा कारण है आग लगने के बाद एक घंटे से पहले फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच सकती है। जिससे ग्रामीणों में भी रोष है।

# चार धाम यात्रा का समापन शुरू, गंगोत्री धाम के कपाट आज होगे बंद

**उत्तरकाशी, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** चारधाम यात्रा का मंगलवार से समापन होना शुरू हो गया है। चारों धाम के कपाट बंद होने की शुरुआत गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद होने से हुई। इसके बाद यमुनोत्री, फिर केदारनाथ और अंत में बदरीनाथ के कपाट बंद होंगे। मंगलवार को अन्नकूट के पर्व और अभिजीत मुहूर्त पर सुबह 11 बजकर 45 मिनट पर गंगोत्री धाम के कपाट बंद हुए। इस दौरान विधिवत पूजा अर्चना की गई जिसके बाद मां गंगा की डोली शीतकाल के लिए मुखबा के लिए रवाना हुई।



इसी दिन रात कपाट बंद होने के बाद 6 महीने तक मां गंगा के मुखबा में दर्शन होंगे। इसके बाद बुधवार को यमुनोत्री धाम और केदारनाथ धाम के कपाट बंद होंगे। यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने के बाद मां यमुना के दर्शन खरसाली में होंगे। इसके बाद बाबा केदारनाथ के कपाट बंद होने के बाद शीतकाल में बाबा केदार के दर्शन उखीमठ में होंगे। केदारनाथ धाम यात्रा ... **शेष पेज 4 पर**

# दीपावली: शहर में छूटे 3 टन पटाखे

## जोश और उत्साह से मना पांच दिवसीय पर्व



**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** हर साल के मुकाबले इस बार दीपोत्सव को लेकर लोग कुछ ज्यादा ही जोश में नजर आए। सभी गली-मोहल्ले जहां विद्युत रोशनी से जगमगा रहे थे, वहीं आतिशबाजी में लोगों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। पिछली दीपावली के मुकाबले इस बार 1 टन पटाखे ज्यादा छूटे हैं। सोमवार को जहां लोगों के घरों से सामान्य कचरा निकला। उसी के साथ शहर की सड़को से पटाखों का कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा। बच्चों से लेकर सभी ने खुलकर दीपावली मनाई। यही कारण है कि इस बार 3 टन पटाखे छूटे हैं।

सोमवार को नगर की सड़कों पर 6 टन कचरा ज्यादा फैला। इसमें 3 टन पटाखे और 3 टन अतिरिक्त कचरा शामिल है। हालांकि ये आंकड़ा गत सालों के मुकाबले 1 टन बढ़ा है। सामान्य दिनों में शहर से करीब 16 टन यानी माह में 480 टन कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचता है। वहीं, त्योहारों पर 5 दिन में कचरे की मात्रा बढ़ जाती है। दीपावली पर निकले पटाखों के कचरे की बात करें तो पटाखों का कचरा ही 3 टन रहा है। नगरपालिका के इंजीनियर ने बताया इस बार पूरे सीजन में 23 टन कचरा निकला है। इसमें से नियमित कचरा 16-17 टन निकाल भी दें तो पटाखों का कचरा 3 टन व अतिरिक्त कचरा 3 टन हो गया, जिसे संग्रहण कर ट्रेंचिंग ग्राउंड पर लाया गया। इस बार पॉलीथिन की मात्रा सामान्य रही। इस बार लोगों में दीपोत्सव को लेकर ज्यादा ही उत्साह था। बच्चों से लेकर युवाओं ने पटाखे छोड़ने में कसर नहीं रखी और आतिशबाजी की।

## जो शोर मचा नहीं सका, वो प्रचार थम जाएगा...

# रूबरू संपर्क क्या गुल खिलाएंगे!

**मंदसौर/उज्जैन, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बहुत सालों बाद एक संयमित प्रचार तंत्र वाला चुनाव देखने को मिला है। वह भी डीजे के दौर में, जिसकी आवाज का डेसीबल कानों के साथ दिमाग को भी हिला कर रख देता है। कारण भारत देश का ऐसा त्यौहार बीच में आ गया था कि राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता को भी अपने घर, व्यवसाय और सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहना ही था। क्योंकि, उसे स्वयं को धार्मिक साबित भी करना था। इसी कारण कहा जा रहा है कि आज बुधवार शाम वह प्रचार जो शोर ही नहीं मचा सका, बंद हो जाएगा और 24 घंटे तक रूबरू संपर्क का दौर चलेगा। बाजी अभी भी स्पष्टनहीं हो पा रही है। पर यह तय है कि खोने को कुछ है तो वह सत्ता भाजपा के पास है। कांग्रेस इसे छीनने की जुगत में है और नुकसान पहुंचाने की स्थिति में आ ही गई है।


चन्द्रमोहन भगत

मतदान शुरू होने में लगभग 60 घंटे बाकी है प्रत्याशियों के रूबरू जनसंपर्क से ज्यादा तेजी से दोनों दलों के नेता अपनी तन मन धन की ताकत अपने गोरिल्ला प्रचार में लगा देंगे । इसी तरीके से समूह वर्ग और मोहल्ले के सामूहिक मतों पर येन केन प्रकारेण अधिकार तो क्या एक तरह से कब्जा ही कर लिया जाता है। ऐसे कारनामे कमरों में बैठकर या दावतों की आड़ में किए जाते हैं। इस प्रक्रिया में राजनीतिक दलों के बड़े और भरोसेदार नेता शामिल होते हैं। क्योंकि, जो भी वर्ग मोहल्ले, समूह के मतदाता होते हैं। उन्हें भरोसा होने पर ही मत मिल पाते हैं। आम व्यवसाय की तरह इसमें मध्यस्थ रहता ही है, जिसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राजनेताओं को इनकी पहचान होती है, उपयोगिता भी मालूम होती है। अधिक संख्या के मतों के लिए मध्यस्थता करने वाले अपनी अहमियत के कारण सम्मान भी पाते हैं और बाजी पलटने का दमखम भी रखते हैं। अगर चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशियों का वातावरण बराबर स्तर का बना रहता है, तब मध्यस्थों की आव भगत भी अधिक हो जाती है। मंदसौर विधानसभा की स्थिति कुछ ऐसी ही नजर आ रही है। इसके कारण भी है, कभी माना जा रहा था कि व्यवसाई जगत भाजपा के साथ एक तरफा होते थे। इस बार कांग्रेस से स्वजातीय प्रत्याशी विपिन जैन के खड़े होने के कारण बराबर बटेंगे या ज्यादा भी जा सकते हैं। दूसरा कारण दलौदा वासी होने के कारण ग्रामीण प्रत्याशी कहलाने के कारण ग्रामीण मतों में भी इजाफा कर सकते हैं। तीसरा सतही कारण की भाजपा प्रत्याशी यशपाल सिसोदिया के अपने ही दल के प्रतिस्पर्धी इस चुनाव में कम सक्रिय दिखे है या सक्रिय होने का दिखावा कर रहे है। मतदाताओं को रिझाने का काम भी नहीं कर रहे। इस तरह के वातावरण के कारण ही दोनों दलों की गोरिल्ला नीति जिन नेताओं के जिम्मे रहेगी, उन पर यह निर्भर करेगा कि वर्ग समूह और तटस्थ मोहल्ले के अचूक मध्यस्तों के सहारे एक दूसरे के मतों पर सैंघमारी करना। चूंकि अदृश्य नीति युद्ध है अत: कौन सफल होगा नतीजे के गर्भ में है?

# मप्र में बदलती नारी शक्ति: कभी रहती थी घूंघट थामे, अब चलाती हैं निकाय प्रशासन

**भोपाल, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** घूंघट में रहकर चूल्हा चौका संभालने और बच्चे पैदा करने के बाद उनकी परवरिश करने में जुटी रहने वाली महिलाएं अब निकाय प्रशासन संभाल रही हैं। मध्यप्रदेश देश का ऐसा इकलौता प्रदेश हो गया है, जहां छोटी और स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी महिलाओं के हाथों में सौंपी गई है। मप्र में स्थानीय निकाय चुनावों में 17 हजार महिलाओं ने चुनाव जीता है। ये आंकड़ा प्रदेश में महिलाओं को दिए जाने वाले प्रतिनिधित्व और उनके विकास के रास्तों को आगे बढ़ाने की सरकार की नीयत को दर्शाते हैं।

### महिला बनीं आत्मनिर्भर...

मध्यप्रदेश में 4 लाख 78 हजार स्वयं सहायता समूहों से 57 लाख परिवारों को जोड़ा गया है। अपना व्यवसाय शुरु करने के लिए इच्छुक पांच लाख स्वयं सहायता समूहों को 6083 करोड़ का क्रेडिट लिंकेज दिलाया गया। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की आत्मनिर्भरता और उनकी मजबूती के लिए बनाई योजनाओं से ये संभव हो पाया है।

### योजनाओं ने दिया संबल...

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा एक अप्रैल 2007 में लाडली लक्ष्मी योजना की शुरुआत की गई। योजना के माध्यम से अब तक 13 लाख 30 हजार बेटियों को 366 करोड़ रुपए से ज्यादा की छात्रवृत्ति दी जा चुकी है। योजनाओं को शुरु करने और संचालित करने में धन की कमी आड़े नहीं आए, इसके लिए सबसे पहले महिला एवं बाल विकास के वार्षिक बजट को बढ़ाया गया। वर्ष 2003 से पहले विभाग का वार्षिक बजट मात्र 262.60 करोड़ रुपए था, जिसे बढ़ाकर 14,688 करोड़ रुपए कर दिया गया। बाल विवाह कम होने और बीच में पढ़ाई छोड़ने वाली बेटियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई, बेटियों को आगे बढ़ने की राह दिखी तो उत्साह दोगुना हुआ। 12वीं कक्षा में टॉप करने वाली बेटियों को प्रदेश सरकार द्वारा ई स्कूटी दी जा रही है। प्रदेश में बेटियों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर व्यवसाय में भी आगे बढ़ाने के लिए सरकार सहयोग कर रही है। जिससे बहनों का भविष्य उज्ज्वल हो रहा है।

### बराबरी का दर्जा दिया...

महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध मध्यप्रदेश में महिलाएं चहुंओर तरक्की कर रही हैं। महिला उद्यमिता से लेकर, आवास योजना हो या फिर शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देना प्रदेश सरकार की शुरुआती योजनाओं ने महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए एक खुला आसमान दिया है। जिसका असर अब परिणाम के रूप में सामने आने लगा है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने के कारण बहनें आर्थिक रूप से स्वावलंबी हुई और स्थानीय निकाय चुनावों में स्वयं सहायता समूहों की 17 हजार महिलाओं ने चुनाव जीता। महिला के नाम संपत्ति होने पर पंजीयन शुल्क घटाकर एक प्रतिशत कर दिया गया, जिससे महिलाओं को घर में बराबरी का दर्जा मिला। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में इस बार नई महिला मतदाताओं की संख्या में 2.80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और प्रदेश में महिला मतदाताओं की संख्या ढाई करोड़ से ज्यादा हो चुकी है। इस लिहाज से इस आबादी के अधिकांश हिस्से को किसी न किसी रूप में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है और इसलिए इस वर्ग का सरकार पर खासा भरोसा है। महिलाओं का यही विश्वास इस चुनाव में भरपूर ताकत देने वाला है, जिससे वह विरोधियो को भरपूर चुनौती भी देगी और इन्हीं योजनाओं से लोगो में लोकप्रिय रहेगी।

# कार्यकर्ताओं की हताशा कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती

**भोपाल, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** चुनाव में कोई भी राजनीतिक दल अपने समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर ही चुनाव लड़ता है, लेकिन जब कार्यकर्ता ही हताश होने लगे, तो आशंका के बादल घिरते दिखाई पड़ते हैं। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में हाल की कई घटनाओं को लेकर ऐसे ही हताशा देखने को मिल रही है। चाहे मालवा हो या निमाड़ या हो विंध्य का इलाका। हर तरफ आपसी गुटबाजी और सरेआम नेताओं के बीच हाथापाई की घटनाओं से पार्टी कार्यकर्ता असमंजस में दिखाई पड़ रहे हैं। एक के बाद एक फेक न्यूज और फेक सर्वे से कांग्रेस की पोल खुलती जा रही है। इससे कार्यकर्ताओं में हताशा बढ़ती जा रही है कि कांग्रेस नेताओं के पास वाकई सच में कुछ कहने के लिए नहीं है, तो गलत सूचनाओं का सहारा ले रहे हैं।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 17 नवंबर को मतदान है। प्रदेश में एक दर्जन सीट ऐसी हैं, जहां निर्दलीय भाजपा और कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं। डॉ. आंबेडकर नगर महू विधानसभा सीट से अंतर सिंह दरबार निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। ये कांग्रेस से विधायक रह चुके हैं, पर टिकट न मिलने से नाराज होकर चुनाव मैदान में उतर गए हैं। आलोट से प्रेमचंद गुड्डू, गोटेगांव से शेखर चौधरी, सिवनी मालवा से ओम रघुवंशी, होशंगाबाद से भगवती चौरे, धार से कुलदीप सिंह बुंदेला, मल्हारगढ़ से श्यामलाल जोकचंद, बड़नगर से राजेंद्र सिंह सोलंकी, भोपाल उत्तर से नासिर इस्लाम और आमिर अकील भी निर्दलीय ताल ठोक रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने इन्हें समझाने-मनाने की खूब कोशिश भी की, लेकिन बात नहीं बनी। दरअसल, पार्टी ने गोटेगांव और बड़नगर में पहले जो प्रत्याशी घोषित किए थे, उन्हें बदल दिया। इससे आहत दोनों सीटों पर कांग्रेस नेता निर्दलीय मैदान में उतर गए।

अब कमलनाथ को जनता अपना नाथ मानती है या नही ये तो बाद में पता चलेगा। लेकिन, उनकी रैलियो का फीकापन देखकर कांग्रेसियों का डर तो स्वाभाविक है। कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि हम बस ये सोचकर बैठ गए हैं कि शिवराज का राज खुद ब खुद चला जायेगा। लेकिन, मोदी - शाह की जोड़ी हारी हुई बाजी भी पलट देती है। यहां तो अभी शिवराज का ही राज है। इसलिए अगर कांग्रेस चौकन्ना नही हुई, तो मध्यप्रदेश में कमलनाथ का हाथ सत्ता से फिर दूर न रह जाये। बाकी एक पेंच यह भी है कि, कांग्रेस के कई बड़े नेता अभी से कह रहे हैं भाई अबकी बार कांग्रेस नही कमलनाथ की लड़ाई है। यानि कांग्रेस में भितरघात भी कम नहीं? फिलहाल भाजपा चुनौतियों के बीच अपना घर संभालकर सत्ता की राह संवारने में पूरी ताकत से जुट गई है। वहीं, कांग्रेस भाजपा की विफलता में अपनी सफलता की आस लगाए हुए है।

# भाजपा प्रत्याशी देवड़ा ने कई गांवों में जनसम्पर्क कर प्रदेश में भाजपा की पुन: सरकार बनाने के लिये जनसमर्थन मांगा

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार को भाजपा के मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी श्री जगदीश देवड़ा ने बूढ़ा मण्डल के 23 ग्रामों का जनसम्पर्क किया। श्री देवड़ा ने ग्राम पीर गुराड़िया, आवना काचरिया, इरली, खेजड़ी, चन्द्रपुरा, फतेहपुर, किंतुखेड़ी, गोपालपुरा, तुमड़ी, लोडाखेडा, अडमालिया आबाखेड़ी, आंतरीखुर्द, हिंगोरिया छोटा, सरवानिया, दोबड़ा, अरनिया जटिया, छायन, पाटली, टिडवास, सेसड़ी एवं रूपारेल ग्रामों में जनसम्पर्क किया।



श्री देवड़ा के साथ जनसम्पर्क में भाजपा जिला महामंत्री विजय अठवाल, भजपा प्रदेश पिछड़ा मोर्चा मंत्री धीरज पाटीदार, भाजपा बुढा मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह राणा, महामंत्री गोविन्द कण्डारा बुढ़ा, सुनील शर्मा मगराना, जिला पंचायत सदस्य संजय रत्नावत, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष बालाशंकर धाकड़, शांतिलाल शर्मा, संदीपसिंह राठौर, सत्यनारायण गुप्ता दोरवाड़ा, रामप्रसाद डांगी, अर्जुन पंडित, तुलसीराम माली छायन, लोकेन्द्र कुमावत, कपिल गरासिया, राजेश पाटीदार बुढ़ा, पदमसिंह राणा सिंदपन, मांगीलाल डांगी, गोरर्धन डांगी टिडवास, उदलसिंह परिहार सिंदपन, बापूलाल गायरी आंतरीखुर्द सहित कई कार्यकर्तागण भी साथ थे। श्री देवड़ा के जनसम्पर्क के दौरान कई गांवों में पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया।

जनसम्पर्क के दौरान श्री देवड़ा ने कहा कि मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 586 करोड़ रू. लागत की 175 सड़के बनी है। नई सड़कों के बनने से क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन के लिये बेहतर सुविधा मिली है। मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 155 आंगनवाड़ी भवन बने है। जिस पर 12 हजार 500 करोड़ रू. की राशि खर्च हुई है। क्षेत्र में 45 सामुदायिक भवन बने है। कुल मिलाकर क्षेत्र में विकास के लिये सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। मल्हररगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 कॉलेज, 1 आईटीआई भवन, 2 सीएम राईज स्कूल, 36 हाईस्कूल भवन बने है। जो काम आजादी के बाद कांग्रेस 50 सालों में नहीं करा पाई, वह काम हमारी सरकार ने पिछले 18 वर्षों में कराया है। नवगठित मल्हारगढ़ विधानसभा में भाजपा की सरकार ने विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस केवल भ्रम फैलाने का काम करती है। वचन पत्र में झूठे वादे व झूठी घोषणाएं कर लोगों को गुमराह कर रही है। 15 माह की कमलनाथ सरकार में किसानों का कर्जा माफ नहीं हुआ। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला। किसानों को फसल का दाम नहीं मिला। इसलिये लोग इनके बहकावे में नहीं आये और 17 नवम्बर को भाजपा की सरकार बनाने के लिये मतदान करे।

# नम्बर वन बनेगी मंदसौर विधानसभा-जैन

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी श्री विपिन जैन ने मंदसौर नगर के किटियानी मंडलम के वार्ड क्रमांक 40 व 1 में जनसम्पर्क कर आमजन से आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री जैन का जनसम्पर्क पूरे अयोध्या बस्ती, किटियानी क्षेत्र में श्री जैन का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

कांग्रेस प्रत्याशी श्री विपिन जैन का अयोध्या बस्ती, किटियानी क्षेत्र में निवास करने वाले कांग्रेसजनों के निवास स्थानों पर कांग्रेस प्रत्याशी विपिन जैन का तिलक लगाकर, पुष्पहार व श्रीफल से स्वागत किया। जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं ने आमजन के बीच प्रदेश कांग्रेस के 11 वचन भी दोहराये एवं योजनाओं के फोल्डर का वितरण भी किया गया।



जनसम्पर्क के दौरान श्री जैन ने महिलाओं से बात करते हुए कहां की मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर हर नारी को सम्मान स्वरूप 15 सो रुपए उनके खाते में आएंगे। बेटियों के विवाह की नई योजना प्रारंभ करेंगे जिसमें 1 लाख 1 हजार रुपए की सहायता देंगे। सभी परिवार को प्रति माह 500 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेगा श्र इंदिरा गृह ज्योति योजन के अंतर्गत 100 यूनिट माफ और 200 यूनिट हाफ दर पर देंगे। वृद्धा पेंशन 1200 रुपए की जाएगी। सभी बेटियों के ड्राइविंग लाइसेंस निशुल्क बनाए जाएंगे। मध्यप्रदेश के उद्योगों में रोजगार के लिए प्रदेश के युवाओं को 70 प्रतिशत आरक्षण देंगे। जनसंपर्क के दौरान इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख , जिला संगठन मंत्री राजेश सिंह रघुवंशी ,मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र सिंह तोमर, शहर ब्लॉक कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष सर्वश्री अंबालाल हिंगोरिया, सलीम खान, जिला कांग्रेस पदाधिकारी गण में सर्वश्री कांतिलाल राठौर, सुरेंद्र कुमावत ,राजेश फरक्या , आसिफ छिपा खलील खान ,वहीद जैदी, शैलेंद्र जोशी, सुरेश भाटी सुनील बसेर, साबिर इलेक्ट्रीशियन, वसीम खान ,विजय सिंह सिसोदिया, सेवादल जिला अध्यक्ष दिलीप देवड़ा, पूर्व सेवादल जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह राजपूत , पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष दीपक सिंह गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी गण में सर्वश्री अमित छाबड़ा प्रीतम पंचोली ,गदीश जटिया ,अभिषेक जैन, योगेंद्र गौड़, विपिन बंसल ,शेख बशीरुद्दीन पर्वत सिंह ,करम खान,महिला नेत्रियों सरोज सिंह सिसोदिया, रूपल संचेती, अनीता भदोरिया ,लता चौहान सोनाली जैन, कुसुम विश्वकर्मा, मधु सागर, शोभा अकोलकर, नेहा कनक मल जैन , सुनीता जादौन, रीना बसेर , मंडलम अध्यक्षगण में सर्वश्री विजय जैन ,शुभम कुमावत अजय मारू,सेक्टर अध्यक्षगण में सर्वश्री आबिद खान मेव , विनोद ओझा ,राजेश खींची, शिव रमन सिंह पवार ,सादिक गोरी ,दीपक जैन ,दिनेश प्रजापत, राजू रैकवार, अक्षांशु संचेती ,मजहर खान, जफर अली,सिकंदर मेव, मलिक शेख, फारूक हुसैन ,मनोज श्रीमाल, प्रदीप मालवीय, सुमित परमार कन्हैयालाल मालवीय किशन डामोर जितेंद्र डोरिया गणेश सोपरा, नियाज अहमद, दुर्गा शंकर धाकड़, रशीद पठान, राजेश बधवार, सम्यक जैन विनोद व्यास ,राजू सुरा ,महेश नामदेव, माजिद कुरेशी, शादाब खान, ओमप्रकाश नामदेव हित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में किटियानी मंडलम अध्यक्ष पंकज जोशी ने सभी का आभार माना।

## मंदसौर से गरोठ एवं गरोठ से मंदसौर जाने के लिए मतदान दलों, माइक्रो आब्जर्वर के लिए रहेगी बस व्यवस्था

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नोडल अधिकारी वाहन श्री राकेश शर्मा द्वारा बताया गया कि 15 नवंबर के दिन मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर को आने-जाने के लिए बस की व्यवस्था रहेगी। मंदसौर से गरोठ जाने के लिए 12 बसे पीजी कॉलेज ग्राउंड मंदसौर में दोपहर 2 से 4 बजे तक खड़ी रहेगी। गरोठ से मंदसौर आने वाले मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर के लिए 2 बसें आरओ ऑफिस कार्यालय में दोपहर 2 से 4 बजे तक खड़ी रहेगी। मतदान दल इन बसों में बैठकर मंदसौर आ सकते हैं। नियत समय पर मतदान दल एवं माइक्रो आब्जर्वर पहुंच सके। इसके लिए बस की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। बस का लाभ लेने के लिए समय का अवश्य ध्यान रखें। बस में सवारी फुल होने का पर हर 30 मिनिट में बस रवाना की जाएगी।

# डंग ने किया ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क



**नाहरगढ़, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** धुआंधार प्रचार, हर प्रत्याशी जनता के द्वार सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के लोग चुनावी रंग में डूबे हैं, हर तरफ चुनावी शोर और चुनावी गीतों की बहार है। विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार श्री हरदीप सिंह डंग घर-घर जाकर वादे करते हुए कह रहे हैं कि भैया कमल का फूल, न जाना भूल। सुबह को भाजपा उम्मीदवार अपने आवास से निकले और सबसे पहले अपने चित्त परिचित संपर्क किया नगर में वोट मांगे, फिर कई ग्रामीण क्षेत्र गांवो में बुजुर्ग महिलाओं के पैर छूकर भाजपा उम्मीदवार ने वोट देने की अपील की।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिलाई जा रही शपथ

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह गतिविधि हाट बाजार, मेलो, चौराहों पर की जा रही है। साथ मतदान केंद्रों पर जाकर ईवीएम को चलाना, मतदान का महत्व, लोकतंत्र का महत्व आदि के बारे में मतदाताओं को बताया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न हो।

# मतदाताओं को पीले चावल देकर मतदान के लिए किया जा रहा आमंत्रित

**नीमच, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवम्बर 2023 को प्रात:7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। प्रत्येक मतदाता को मताधिकार के उपयोग के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान में कई नवाचारों से मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है।महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी परियोजनाओं में आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को पीले चावल देकर 17 नवम्बर 2023 को मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। मतदान केंद्र पर मतदाताओं की पहचान के लिए 12 दस्तावेजों निर्धारित किये गए है।इन 12 दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज़ होने पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। इन दस्तावेजों के अंतर्गत आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, पास पोर्ट, मनरेगा जॉब कार्ड, सर्विस पहचान पत्र, पासबुक, स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, पेंशन दस्तावेज व सरकारी पहचान पत्र को शामिल किए गए हैं।इनमें से कोई भी एक दस्तावेज़ होने पर आपको अपने मत का प्रयोग करने से कोई भी नहीं रोक सकता है, तो आओ हम सब मिलकर एक मजबूत लोकतंत्र को बनाने के लिए सभी मतदान करें।



## जनरल आब्जर्वर ने किया मतदान सामग्री में वितरण व्यवस्था का निरीक्षण

**नीमच, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** निर्वाचन आयोग व्दारा नियुक्त जनरल आर्बजएवर श्रीमती जे. विजयारानी ने मंगलवार को शासकीय पीजी कॉलेज नीमच में मतदान दलों को विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान सामग्री वितरण एवं वापिस प्राप्त करने के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होने निर्देश दिए, कि मतदान दलों को मतदान सामग्री प्राप्ति एवं वापसी में कोई असुविधा ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

## रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से किया जा रहा मतदाताओं को जागरूक

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत स्वीप गतिविधियों के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिये महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत गांव गांव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। महिलाएं रंगोली बनाकर संदेश के रूप में हम सब वोट करेंगे, वोट देंगे। इस प्रकार के संदेश भी लिख रही है। यह कार्य महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य में मतदाताओं के द्वारा भी विशेष रूचि ली जा रही है। साथ ही सभी लोग आपस में मतदान हेतु जागरूक हो रहे हैं।

# वात्सल्य धाम में दिवंगत हुए वृद्ध का सुनील बंसल ने विधि-विधान से किया अंतिम संस्कार

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** समाजसेवी,नपा पार्षद सुनील बंसल ने भाई दूज के पर्व पर वात्सल्य धाम मे रहने वाले एक और वृद्ध का अंतिम संस्कार किया।



प्राप्त जानकारी अनुसार मंदसौर के वात्सल्य धाम मे आज मंगलवार को एक 82 वर्षीय वृद्ध रामचंद्र बावरी निवासी जावद का निधन हो गया,जिसकी जानकारी वात्सल्य धाम की प्रभारी प्रियंका राजोरा ने समाजसेवी सुनील बंसल को दी।श्री बंसल जिनका हाल ही में बायपास ऑपरेशन हुआ है और लगभग एक माह के स्वास्थ लाभ के बाद फिर से वे समाजसेवा के प्रकल्पों से सक्रियता के साथ जुड़ गए हैं उन्होंने सूचना मिलते ही अंतिम संस्कार की व्यवस्था शुरू की नगरपालिका के जाकिर भाई को फोन लगाकर शव वाहन को वात्सल्य धाम पहुंचाया और वे स्वयं अंतिम संस्कार की सभी सामग्री लेकर वात्सल्य धाम पहुंचें। जहां से मृतक वृद्ध रामचंद्र बावरी को शव वाहन के द्वारा मुक्तिधाम ले जाया गया और सनातन धर्म के अनुसार पूरे रीति रिवाज के साथ वृद्ध का अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि सुनील बंसल ने दी।अंतिम संस्कार के समय सुनील बंसल के साथ वात्सल्य धाम प्रभारी प्रियंका राजोरा और वात्सल्य धाम के वृद्धजन,शव वाहन चालक जसवंत भाई भी मौजूद थे। वात्सल्य धाम प्रभारी प्रियंका राजोरा ने बताया कि वात्सल्य धाम मे वृद्ध रामचंद्र बावरी पिछले 18 वर्षों र्से वात्सल्य धाम मे रह रहे थे,और दीपावली का त्योहार भी सभी वृद्धजन ने साथ मे मनाया लेकिन आज सुबह जब चाय के समय उनको आवाज लगाई गई तो वह उठे नहीं और उनका निधन हो चुका था जिसके बाद मेने बंसल जी को अंतिम संस्कार करने के लिए सूचना दी जिसके बाद बंसल जी और उनके साथ पत्रकार आशीष चावडा भी वात्सल्य धाम आए और शव वाहन से रामचंद्र जी को मुक्तिधाम लेकर गए वृद्ध रामचंद्र जी बावरी को और उनका विधि विधान से अंतिम संस्कार कराया।

# वनवासियों के प्रति कृतज्ञता का महापर्व...

**पत्र संपादक के नाम**

संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

**मंदसौर, 14 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत ने अपनी धर्म - संस्कृति और स्वतंत्रता के संरक्षण संवर्धन के लिए सैकड़ों वर्षों र्तक संघर्ष किया हे। इस संघर्ष में देश के प्रत्येक नागरिक, जाति, पंथ, धर्म, वर्ग का कन्ही न कन्ही ऐतिहासिक योगदान रहा हे। इसलिए भारत की स्वतंत्रता को किसी एक व्यक्ति, संस्था, संगठन के आईने में देखकर यह नही माना जा सकता की केवल उन्ही के योगदान से यह सबकुछ संभव हुआ। भारत की दासता से मुक्ति का विषय हो या इससे पूर्व के 1857 से लेकर उसके पूर्व के जितने भी कठोर संघर्ष हुए उसमे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रो वनांचल, गिरिजन सबका बलिदान ऐतिहासिक रूप से रहा हे। वनवासी अंचल के जनजाति बंधुओ ने न केवल धार्मिक, सांस्कृतिक एकरूपता को बनाए रखने व बचाने में सहयोग किया बल्कि स्वतंत्रता समर के आंदोलन में असंख्य योद्धाओ ने अपने खून के अंतिम कतरे और जीवन की अंतिम सांस तक मां भारती की सेवा में स्वयं को आहूत किया हे। केंद्र सरकार ने 15 नवंबर को जनजातीय गोरव दिवस मनाना प्रारंभ किया हे इसके लिए उसे साधुवाद हे। इसमें जनजातीय समाज के सांस्कृतिक अवदान को रेखांकित करने का भाव समाया हुआ हे। हमारे संविधान में जनजातियों के विकास के लिए पर्याप्त प्रबंध तो संविधान निर्माताओं ने अवश्य किए किंतु सत्ताधीशों ने जनजाति समाज की दिशा एवम दशा सुधारने के लिए दृढ इच्छाशक्ति नही दिखलाई और उसका परिणाम यह हुआ की वनांचलो में निवास करने वाला जनजाति समाज आज भी विकास की राहे ताकने के साथ ईसाई मिशनरियो के निशाने पर बना हुआ हे। जन्हा सेवा, सहायता और प्रलोभन देकर उनका धर्मांतरण का खेल खेला जा रहा हे। यह एक गंभीर समस्या हे। जनजातीय गौरव दिवस भारत के सांस्कृतिक स्वरूप को निर्मित करने में अभिन्न योगदान देने वाले संपूर्ण जनजातीय समाज की समृद्ध विरासत, ऐतिहासिक योगदान, समरसता, समानता एवम बहुलतावादी संस्कृति में संपूर्ण विश्व को एक विशिष्ट पहचान के साथ परिचित करवाने का राष्ट्रीय उत्सव बनेगा। भारतीय सभ्यता व संस्कृति के विकास काल से लेकर वर्तमान कालखंड तक जनजातीय वनवासी समाज ने हमारे समक्ष आदर्श जीवन के दिशासूत्र सौंपे हे। भगवान श्रीराम ने वनवास के समय जिस आत्मीयता, श्रद्धा और भक्ति के भाव के साथ वनवासी समाज ने उन्हें अपना माना वह कालखंड सांस्कृतिक शिखर की महागाथा गा रहा हे। भीलनी माता शबरी, निषादराज, केवट सहित अनन्य बंधुजनो ने श्रीराम, लक्ष्मण व माता सीता के साथ ऐसे घुल मिल गए की सब राममय हो गया। भारतीय समाज को अलग - अलग तरीके से परिभाषित करने व श्रेष्ठ एवम हेय के रूप में दिखलाने का चलन तो आक्रमण काल एवम अंग्रेजी विभाजन के समय से प्रारंभ हुआ हे। अभिप्राय यह हे की भारतीय संस्कृति के कालखंड में विभिन्न जातियां अपनी वर्ण परम्परा के साथ ही महत्वपूर्ण होती थी। जो भिन्नता के साथ भी अभिन्न होती थी।



**गौरव सोनी, मंदसौर**

## क्रिकेट और सत्ता के सेमीफाइनल

क्रिकेट का बुखार  
आ रहा उतार  
अब सेमीफाइनल  
चार टीमें तैय्यार  
पांच राज्यों के चुनाव  
सामने 24 का दंगल  
सरकारों के दावे  
इस साल ट्रायल  
कौन जीतेगा बाजी  
होगा कौन घायल  
क्रिकेट और सत्ता  
के सेमीफाइनल



**नन्दकिशोर राठौर, मंदसौर**

